**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2659**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसंबर, 2024**

**आईटीआई लिमिटेड**

**2659. श्री राहुल गांधी:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली संस्थान में कर्मचारियों की संख्या को सुसंगत बनाने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली के विनिर्माण संयंत्र में वर्ष 2020 से स्थायी कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों और नैमित्तिक कामगारों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है,
(ग) क्या सरकार ने आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली में वेतन जारी करने में विलंब से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए कार्रवाई की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) देशभर में और विशेषकर रायबरेली में आईटीआई लिमिटेड संस्थानों की विनिर्माण कंपनियों में ऑर्डर बुक की स्थिति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) जी नहीं। विशिष्ट रूप से आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली के लिए कर्मचारियों की संख्या को सुसंगत बनाने के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है।
(ख) आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली के विनिर्माण संयंत्र में स्थायी कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों और नैमित्तिक कामगारों का वर्ष 2020 से वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है: -

| वर्ष | स्थायी | संविदा | नैमित्तिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 01-01-2020 | 725 | 76 | 95 | 896 |
| 01-01-2021 | 555 | 81 | 85 | 721 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01-01-2022 | 416 | 129 | 85 | 630 |
| 01-01-2023 | 247 | 104 | 80 | 431 |
| 01-01-2024 | 173 | 66 | 83 | 322 |

(ग) जी हां, आईटीआई लिमिटेड को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा अनेक उपाय किए जा रहे हैं। आईटीआई लिमिटेड को वित्तीय सहायता के रूप में कुल 4,456.48 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।

उपर्युक्त वित्तीय सहायता का विवरण नीचे दिया गया है:

| **क्र.सं.** | **लेखा शीर्ष** | **राशि (रुपये करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1 | बीएसएनएल/एमटीएनएल की अधिमान्य शेयर पूंजी का मोचन | 300 |
| 2 | वर्ष 1997 के वेतन संशोधन के कारण बकाया | 165 |
| 3 | वीआरएस व्यय की प्रतिपूर्ति | 155 |
| 4 | अतिदेय सांविधिक भुगतान | 360 |
| 5 | पुनरुज्जीवन योजना के कार्यान्वयन के दौरान स्थापना लागत | 612 |
| 6 | आईटीआई लिमिटेड को मार्च, 2009 के दौरान वेतन संवितरण के लिए दिया गया लंबित ऋण | 125 |
| 7 | जनवरी, 2013 में भुगतान किए गए 4 महीनों के वेतन के संवितरण हेतु भुगतान का समायोजन | 130 |
| 8 | सरकारी प्रतिभूति शुल्क की माफी | 45.79 |
| 9 | परियोजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय सहायता | 2,264 |
| | **उप जोड़** | **4,156.79** |
| 10 | सांविधिक बकाया | 299.69 |
| | **सकल योग** | **4,456.48** |

उपर्युक्त के अलावा आईटीआई लिमिटेड की भूमि के मुद्रीकरण के प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई हेतु लोक उद्यम विभाग को भेजा गया है ताकि भूमि की बिक्री से होने वाली प्राप्तियों से रायबरेली संयंत्र सहित आईटीआई लिमिटेड को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

उपर्युक्त के मद्देनजर, सरकार ने आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली में वेतन जारी करने में विलंब के मुद्दे का समाधान करने के लिए सभी उपाय किए हैं।

(घ) दिनांक 30.11.2024 तक की स्थिति के अनुसार, देश भर में आईटीआई लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्रों में ऑर्डर बुक की स्थिति का विवरण:

| क्र. सं. | उत्पाद/परियोजनाएं | ग्राहक | ऑर्डर का मूल्य (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | एस्कॉन पीएच IV | रक्षा | 6549.01 |
| 2 | कॉर्प. एमकेटीजी एंड एमएसपी | राज्य सरकार/भारत सरकार/अन्य | 691.03 |
| 3 | महानेट(एमएएचएएनईटी) | एमआईटीसीएल | 467.14 |
| 4 | टैनफिनेट (टीएएनएफआईएनईटी) | तमिलनाडु राज्य सरकार | 231.53 |
| 5 | एफसीआई | आईएएफ | 144.00 |
| 6 | 4जी एलटीई | आईएएफ | 162.18 |
| 7 | गुज नेट प्रोजेक्ट एंड ओएंडएम | जीएफजीएनएल | 16.70 |
| 8 | जीपीओएन आईएंडसी सेवाएँ | बीएसएनएल/बीबीएनएल | 58.89 |
| 9 | बीएसएनएल 4जी | बीएसएनएल | 1395.19 |
| 10 | एयरटेल एफटीटीएच रोलआउट | एयरटेल/टेलीसोनिक | 13.72 |
| 11 | यूएसओएफ भारत नेट परियोजनाएं/टीपीए | भारत सरकार/यूएसओएफ | 94.11 |
| 12 | एएंडएन भारतनेट | बीबीएनएल | 10.32 |
| 13 | एनएफएस परियोजना | बीएसएनएल | 788.90 |
| 14 | अन्य उत्पाद/सेवाएं (ओएफसी/एचडीपीई/सोलर पैनल/एनक्रिप्टर प्रोडक्ट्स/एमएलएलएन एएमसी/एनजीएन एएमसी/सी-डॉट एएनआरएएक्स एएमसी/वाईफाई हॉटस्पॉट एएमसी/डेटा सेंटर/एस्कॉन एएमसी/स्ट्रीट लाइट/टीपीए/लैपटॉप/मिनी पीसी/वीएसएससी) | राज्य सरकार/भारत सरकार/अन्य | 166.95 |
| 15 | | बीएसएनएल/एमटीएनएल/ईईएसएल | 12.43 |
| 16 | एपीओ (स्ट्रीट लाइट/एसएमपीएस) | बीएसएनएल/राज्य सरकार | 291.04 |
| 17 | कुल | | 11093.14 करोड़ |

दिनांक 30.11.2024 तक की स्थिति के अनुसार, आईटीआई लिमिटेड, रायबरेली के ऑर्डर बुक की स्थिति का विवरण:

| क्र.सं. | नाम | मात्रा(ओएफसी केबल) | ऑर्डर का मूल्य (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | एस्कॉन एफसीबीसी एंड आईएनसी | - | 18.5 |
| 2 | कोलकाता रेलवे (पीओ) | 40 किलोमीटर | 0.2355 |
| 3 | उत्तर पश्चिम रेलवे (एलओए) | 5 किलोमीटर | 0.0318 |
| 4 | पूर्व मध्य | 350 किलोमीटर | 2.05 |
| 5 | कुल | | 20.8173 करोड़ |

*****